एक नजर में

पडाना बाजार में 60 फीट नाली अधूरी

पडाना 06 अक्टूबर, सं. ग्राम पंचायत पडाना में मऊ से तलेन रोड का निर्माण गोडेक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है .कंपनी ने पूरे बाजार की नाली बना दी, लेकिन बाजार के बीच की करीब 60-70 फीट नाली का काम अधूरा छोड़ दिया है. जनपद सदस्य रुकसार सोनू मंसूरी ने इस संबंध में संभागायुक्त भोपाल संभाग कर्मवीर शर्मा को आवेदन सौंपा है . आवेदन में बताया कि अधूरी नाली को खोदकर उसमें सरिये सीधे खड़े कर दिए गए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है . जनपद सदस्य ने बताया कि इससे पहले भी जून माह में उन्होंने एसडीएम सारंगपुर को भी लिखित में आवेदन देकर ब्रेकर और रेलिंग लगाने की मांग की थी, लेकिन कंपनी ने ध्यान नहीं दिया . परिणामस्वरूप रोड कंपनी की लापरवाही से पडाना में 9 लोगों की जान चली गई थी. रुकसार मंसूरी ने बताया कि उन्होंने एसडीएम सारंगपुर को नाली के संबंध में कई बार लिखित सूचना दी, लेकिन आज तक काम चालू नहीं हुआ . उन्होंने संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द अधूरी नाली का निर्माण कार्य चालू कराया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो .

डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

खुजनेर 06 अक्टूबर, सं. थाना प्रभारी रवि ठाकुर व पुलिस टीम ने एक आरोपी को डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया गया है . आरोपी के कब्जे से डोडाचूरा एवं एक मोबाइल फोन सहित कुल 21 हजार का मशरूका जप्त किया गया है . रविवार 04 अक्टूबर को सहायक उप निरीक्षक विजय शर्मा को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जमनालाल पार्क के पास, पांदा धड़ला रोड खुजनेर पर एक व्यक्ति पान मसाले के झोले में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लेकर बेचने के लिए बैठा है . सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक अभिलेखीय कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया गया . इसके उपरांत पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों एवं आवश्यक विवेचना सामग्री के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुँची . मौके पर एक व्यक्ति झोला लिए बैठा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर झोला लेकर इधर-उधर जाने लगा . पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा . पूछताछ में उसने अपना नाम कमलसिंह पिता स्वर्गीय बलवंतसिंह माली, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम डोडी, थाना जावर, जिला सीहोर बताया . स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद झोले से डोडाचूरा बरामद हुआ . इलेक्ट्रॉनिक तौल काँटे से तौल करने पर डोडाचूरा का झोले सहित वजन 6.016 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार है . आरोपी से मादक पदार्थ रखने के संबंध में वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज माँगे जाने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया . पुलिस द्वारा डोडाचूरा को विधिवत सीलबंद कर जप्त किया गया .

परिजनों के आरोप जांच में सही, रिपोर्ट तैयार

मातृ मृत्यु मामले में जांच प्रक्रिया पूरी, अस्पतालकर्मियों की भूमिका आई सामने

सीएमएचओ का चार्ज नहीं होने से कार्रवाई अटकी

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 अक्टूबर, का. जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग में प्रसूता की मौत के बाद उठे लापरवाही और रुपए लेने के आरोपों के मामले में गठित जांच दल ने स्थानीय स्तर पर जांच लगभग पूरी कर ली है. सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधन से जुड़े कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आई है और परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को जांच में सही पाया गया है.

जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है, लेकिन अब रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्तर से आगे बढ़ाई जानी है.

उल्लेखनीय है कि प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने तथा रुपए लेने के गंभीर आरोप लगाए थे. मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच दल गठित किया था. दल ने संबंधित कर्मचारियों के बयान, अस्पताल की व्यवस्थाओं और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की.

आरोप निकले सही, अब कार्रवाई की बारी

सूत्रों के अनुसार प्रसूता के परिजनों द्वारा लगाए गए लापरवाही और रुपए लेने संबंधी आरोप संभवतः जांच में सही पाए गए हैं. प्रसूता की मौत के बाद जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग में परिजनों ने जमकर हंगामा किया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कमेटी गठित की गई थी. जांच पूरी होने के बाद अब संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई का इंतजार है.

सीएमएचओ नहीं होने से अटकी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है. कलेक्टर के निर्देशन में इस रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ स्तर से संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी है तथा रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजी जानी है. लेकिन मंगलवार देर शाम तक सीएमएचओ का चार्ज नहीं होने के कारण जांच रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी. अब सीएमएचओ का चार्ज मिलने के बाद ही मामले में कार्रवाई आगे बढ़ने की संभावना है.

आरोप : 'दर' नहीं चुकाने पर अनदेखी, 'मातृ मृत्यु'

जांच पूरी, अब कार्रवाई का इंतजार

जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक स्थानीय स्तर पर जांच की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार कर ली है. अब कलेक्टर के निर्देशन में रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जानी है. साथ ही रिपोर्ट को आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च स्तर पर भेजा जाना है.

हालांकि, मंगलवार देर शाम तक सीएमएचओ का चार्ज नहीं होने के कारण रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी. ऐसे में जांच पूरी होने के बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई का मामला फिलहाल अटका हुआ है.

घटना की जांच दल जांच कर रहा है . फिलहाल अभी कुछ कहना मुश्किल है .

डॉ . रजनीश शर्मा, सिविल सर्जन, राजगढ़

कोटवार संघ ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 06 अक्टूबर, सं. मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को कोटवारों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार रणधीर मीणा को ज्ञापन सौंपा.

संघ ने प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों की मांगों का जल्द निराकरण करने की मांग की.संघ ने कोटवारों को स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग की. साथ ही 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कोटवारों को योग्यता के अनुसार सहायक पटवारी, भृत्य, वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 और अन्य समकक्ष पदों पर पदोन्नति का लाभ देने की मांग रखी. भविष्य की भर्तियों में कोटवारों को आरक्षण देने की मांग भी की गई. ज्ञापन में सेवा भूमि का स्वामित्व दोबारा कोटवारों के नाम दर्ज करने, भूमिधारी कोटवारों को भी प्रतिवर्ष 500 रुपए मानदेय वृद्धि देने और सीयूजी सिम उपलब्ध कराने की मांग की गई. वर्दी की राशि पहले की तरह सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा कराने की मांग भी रखी गई.संघ ने नगरीय क्षेत्रों में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी आदेश निरस्त करने, मृतक कोटवार के परिवार को 10 लाख रुपए अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति राशि 5 लाख रुपए करने की मांग की. संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 2 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा.

ज्ञापन देने वालों में रंगलाल वर्मा, मनीष भिलाला, देवकरण बागरी, राधेश्याम नागर, भगीरथ वर्मा, राजेश भिलाला सहित अन्य कोटवार मौजूद रहे.

हिंदू उत्सव समिति निकालेगी 121 मीटर चुनरी यात्रा

हिंदू उत्सव समिति ने पुष्पा पंवार को बनाया संयोजक, मातृशक्ति को सौंपी कमान

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 अक्टूबर, का. नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर आस्था और भक्ति का माहौल बनने लगा है. हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी. इसको लेकर रविवार शाम को मां मंशापूर्ण वैष्णो माता मंदिर परिसर में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा आगामी 17 अक्टूबर, शनिवार, सप्तमी के दिन निकाली जाएगी. यात्रा को लेकर सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई.

मातृशक्ति को सौंपी गई कमान

बैठक में इस वर्ष की चुनरी यात्रा के लिए संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई. हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से संयोजक श्रीमती पुष्पा पंवार

सह-संयोजक - श्रीमती तृप्ति शर्मा, श्रीमती वर्षा मंगल एवं श्रीमती मंजू आर्य को नियुक्त किया गया. समिति ने मातृशक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है. चुनरी यात्रा नगर के खेड़ापति शीतला माता मंदिर मातमंड से प्रारंभ होगी. वहां से पुराना सुठालिया रोड, साहू धर्मशाला, मेन मार्केट, जगात चौक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चौराहा होते हुए मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां माताराणी की भव्य आरती एवं पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा.

बैठक में हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक, अध्यक्ष पवन शर्मा सहित नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं.

121 मीटर चुनरी होगी विशेष आकर्षण

इस बार 121 मीटर लंबी चुनरी यात्रा का मुख्य आकर्षण रहेगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माताराणी को अर्पित की जाएगी.

जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

राजगढ़ 06 अक्टूबर, का . जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया गया . मुख्य . कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ . इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे .देवली निवासी मंजु साहू ने निज भूमि पर अनावेदको द्वारा कब्जा कर लिया हैं . एसडीएम राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .

राज्यमंत्री ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 06 अक्टूबर, सं. राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मंगलवार को सारंगपुर सिविल चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने पैथोलॉजी में संचालित मशीनों का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए. साथ ही डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण कर उपचाररत मरीजों से संवाद किया और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली.

मंत्री टेटवाल ने दीनदयाल रसोई में वितरित किए जा रहे भोजन का निरीक्षण कर स्वयं भोजन किया तथा भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए. नेत्र शिविर में पहुंचकर जरूरतमंद मरीजों को चश्मे भी वितरित किए.

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि स्वस्थ समाज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं. स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, रोगी कल्याण समिति सदस्य सुधीर श्रीमाल, भाजपा महामंत्री कमल राठौर सहित आमजन उपस्थित रहे.

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजगढ़ विजेता

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 अक्टूबर, का. शासकीय वीर सावरकर महाविद्यालय पचोर में आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया.

फाइनल मुकाबले में राजगढ़ की टीम ने मेजबान वीर सावरकर महाविद्यालय, पचोर की टीम को 27-8 के बड़े अंतर से पराजित किया. फाइनल मुकाबले में राजगढ़ की टीम ने शुरुआत से ही तेज पासिंग, सटीक शूटिंग और मजबूत डिफेंस के साथ प्रभावी खेल का प्रदर्शन किया.

कप्तान विनीत, एल्विन एवं तानिष्क ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

प्रतियोगिता के चयन समिति अध्यक्ष एवं आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र गुप्ता ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों एवं संबंधित महाविद्यालयों को शुभकामनाएं दीं. टीम के प्रेक्षक डॉ. राहुल भैसानीया ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.

सेवा सेतु अभियान शुरू

सुठालिया. सं. शासकीय कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा सेतु अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लहरिया ने कहा कि सेवा केवल जरूरतमंद की सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए सकारात्मक परिवर्तन में सहभागी बनना भी सेवा है. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार,तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गिरवर सिंह पांडव ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं को बताया.

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 26 को पहुंचेगी सारंगपुर

सारंगपुर 06 अक्टूबर, सं. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आगामी 20 अक्टूबर से सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू करेंगे. उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होने वाली यह यात्रा सारंगपुर विस क्षेत्र में प्रवेश 26 अक्टूबर को होगा, जो दो दिन विस क्षेत्र में रूकेगी और फिर 28 अक्टूबर को राजगढ़ विस में प्रस्थान करेंगी. वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन ने बताया कि सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सारंगपुर विस में यात्रा दो दिन रहेगी. पहला पडाव सारंगपुर में होगा, जहां भल्ला हाइट में श्रीसिंह रात्रि विश्राम करेंग. इसके बाद अगली सुबह 27 अक्टूबर को बिलोदा, धनोरा, मऊ होते हुए यात्रा गुलावता पहुंचेगी और रात्रि विश्राम होगा और 28 अक्टूबर को यात्रा राजगढ़ विस में प्रवेश करेगी. हर पडाव पर उनके साथ चलने के लिए हजारों लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. यात्रा में दिग्विजय सिंह करीब 930 किमी की दूरी तय करेंगे. इसे 70 दिन में पूरा करने का लक्ष्य है. रोज करीब 15 किमी पैदल चलने की योजना है. दिग्विजय सिंह यात्रा की तैयारी के लिए रोज करीब 8 किमी पैदल अभ्यास कर रहे हैं. यात्रा में करीब 3 हजार लोगों के शामिल होने की तैयारी है. इसे गैर राजनीतिक रखने की बात कही गई है. यात्रा का ध्येय वाक्य यतो धर्मस्ततो जय रखा गया है.

कच्छ की सांस्कृतिक छटा बिखेरेगा गरबा महोत्सव

15 से राजमहल प्रांगण में तीन दिवसीय आयोजन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 अक्टूबर, का. नवरात्रि के उल्लास और गुजराती लोक संस्कृति की रंगत से सराबोर समर्पण गरबा महोत्सव का तीसरा सीजन इस बार विशेष आकर्षण के साथ आयोजित होगा. 15, 16 और 17 अक्टूबर को राजमहल प्रांगण में होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव में इस बार गुजरात के कच्छ की पारंपरिक सांस्कृतिक छटा देखने को मिलेगी.

आयोजन को लेकर स्थानीय प्रतिभागियों ने नियमित अभ्यास शुरू कर दिया है. नजरबागा हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियां समिति द्वारा की जा रही है. समिति अध्यक्ष आशीष नागर एवं आयोजन प्रभारी पंकज विजयवर्गीय ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को आकर्षक और यादगार बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। गरबा महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य रहेगा.

प्रमोशन कर निकाली रैली - समिति द्वारा गरबा महोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को नगर में रैली निकाली गई. समिति सदस्यों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होने की अपील की. समिति का प्रयास है कि पारंपरिक गरबा नृत्य के साथ भारतीय लोक संस्कृति और गुजरात के कच्छ की विशिष्ट पहचान को भी महोत्सव के माध्यम से जीवंत किया जाए. इस दौरान सुनील खंडेलवाल, भूपेंद्र भारद्वाज, मुकेश विजयवर्गीय, जितेंद्र मौर्य, नीरज शर्मा, सुनील नेजर, जगदीश गुर्जर, दारा सिंह जाट, पवन गुर्जर, प्रवीण नामदेव, नरेंद्र पुष्पद, हर्ष विजय, श्रीनाथ मेवाड़े, ब्रज वर्मा, दीपक सेन आदि मोजूद थे.

निरीक्षण दशहरा मार्गों के समतलीकरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के कड़े निर्देश दिए

शहर के दोनों दशहरा मैदानों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 06 अक्टूबर, सं. 20 अक्टूबर को मनाए जाने वाले असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी (दशहरा) को लेकर नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं. इसी क्रम में सीएमओ दीपक रानवे ने शहर के दोनों प्रमुख दशहरा मैदानों नवीन बस स्टैंड के समीप स्थित दशहरा मैदान और पुराने दशहरा मैदान का आगामी दशहरा पर्व की तैयारी हेतु निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान रावण दहन स्थल और दर्शकों के बैठने व आवागमन के मार्गों का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दशहरा मार्गों के समतलीकरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के कड़े निर्देश दिए, ताकि पर्व के दिन आने वाले हज़ारों नागरिकों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. साथ ही सुरक्षा की हेतु आवश्यक बैरीकेटस की व्यवस्था कर उनको आवश्यक स्थलों पर लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया. साथ ही दशहरा मार्ग एवं रावण दहन स्थल के आसपास की विशेष सफाई के निर्देश देते हुए सफाई कार्य भी करवाया गया.

आमजन की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सीएमओ ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को सभी व्यवस्थाएं समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

निरीक्षण के समय निकाय के कर्मचारी प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे, जितेन्द्र भैरवे व मनीष गिरजे आदि उपस्थित थे.

मिठाइयों के नमूने जांच के लिए भेजे

राजगढ़ 06 अक्टूबर, का. वरिष्ठ कार्यालय खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है. इसी क्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा ब्यावरा के मुख्य बाजार स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान मौर्या स्वीट्स से मलाई बर्फी तथा क्वालिटी पार्लर से कलाकंद के नमूने लिए गए. दोनों नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा. जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई. खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए. खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रखी जाएगी.